खंड 'क'

प्र०1 निम्नलिखित गद्यांश को पढकर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

मानव जीवन के लिए जिस प्रकार भोजन, नींद और श्वास लेना आवश्यक है, उसी प्रकार जीवन को स्वस्थ, सुंदर और सक्रिय रखने के लिए मनोरंजन भी आवश्यक है | मनोरंजन का स्तर कुछ भी हो सकता है | इससे बौद्धिक और मानसिक विकास होता है | जिस प्रकार ढंग से पका हुआ भोजन व स्वस्थ वातावरण शरीर को स्वस्थ रखता है, उसी प्रकार मनोरंजन के अच्छे साधन, मन और मस्तिष्क का उचित विकास करते हैं | नाटक, सिनेमा, घूमना, खेलना आदि ये सभी मनोरंजन के अच्छे साधन हैं |

प्र०1 मनुष्य के लिए मनोरंजन क्यों आवश्यक है ?

प्र०2 मनोरंजन से मनुष्य को क्या लाभ होता है ?

प्र०3 'जीवन' शब्द का विलोम लिखिए |

प्र०4 मनोरंजन के क्या साधन है ?

प्र०5 उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए |

प्र०2 निम्नलिखित पद्यांश को पढकर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

समय बहुत ही मूल्यवान है, व्यर्थ कभी मत खोना |
चला गया जो समय लौटकर, कभी नहीं फिर आता ||
धन खो जाता, श्रम करने से मनुष्य फिर है पाता |
विद्या खो जाती, फिर भी पढ़ने से है आ जाती |
लेकिन खो जाने से मिलती नहीं समय की पाती ||

प्र०1 कवि किसको व्यर्थ खोने के लिए मना कर रहा है ?

प्र०2 'मूल्यवान' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

प्र०3 लौटकर वापिस क्या नहीं आता ?

प्र०4 'पढ़ने' से क्या मिलता है ?

प्र०5 कविता का उचित शीर्षक लिखिए |

खण्ड 'ख

प्र०3) रिक्त स्थान भरिए |

1) व्यक्तिवाचक संज्ञा सदा ___________में प्रयोग की जाती है |
2) मुझे मेरे जन्मदिन पर ढेर सारे ________मिले |(उपहार / उपहारों)
3) __________सर्वनाम शब्दों का प्रयोग प्रश्न पूछने के लिए किया जाता है |

4) __________विशेषणों की विशेषता बताते हैं |
5) क्रिया के करने या होने के समय को ______कहते हैं |
6) ______के आधार पर क्रिया के दो भेद होते हैं |
7) __________क्रियाविशेषण से क्रिया के स्थान का बोध होता है |
8) 'उपसर्ग' और 'प्रत्ययों' का _________प्रयोग नहीं होता है |
9) वाक्य समाप्त होने पर __________लगता है |
10) विवेकानंद ________भाषण देते रहे | (लगातार/ एकाएक)

प्र०4) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए |

1)	'राजा' और 'आदर'	**विलोम लिखिए**
2)	सबको अपना काम _____करना चाहिए|	**निजवाचक सर्वनाम भरिए**
3)	वह आम का पेड़ है		**सर्वनाम रेखांकित कर भेद लिखिए**
4)	'वायु' और 'मेघ'	**एक-एक पर्यायवाची शब्द लिखिए**
5)	'कछुआ' और 'सड़क'	**वचन बदलिए**
6)	'विद्यालय'	**शब्द के लिए दो विशेषण लिखिए**
7)	आशा के <u>बाल</u> बहुत लंबे हैं		**रेखांकित शब्द का वचन बताइए**
8)	बच्चे मैच देख रहें हैं		**क्रिया रेखांकित कर भेद लिखिए**
9)	'अच्छा' और 'मधुर'	**भाववाचक संज्ञा बनाइए**
10)	दीर्घ आयु वाला	**वाक्य के लिए एक शब्द लिखिए**
11)	चुपचाप काम करते रहो		**क्रियाविशेषण रेखांकित कर भेद लिखिए**
12)	नीता थोड़ी देर बाद आएगी		**क्रिया पहचानकर रेखांकित कीजिए व काल का भेद लिखिए**
13)	दूर के ढोल सुहावने	**अर्थ लिखिए**
14)	अपना उल्लू सीधा करना	**वाक्य बनाइए**
15)	निरपराध	**उपसर्ग व मूल शब्द लिखिए**
16)	'सिष' और 'जुग'	**शब्दों का मानक रूप लिखिए**
17)	मोहन ने खाना खाया होगा		**वर्तमानकाल में परिवर्तित कर पुन: लिखिए**
18)	अब तो गंगा भी मैला हो गया		**वाक्य शुद्ध कीजिए**
19)	'क्रपा' और 'भिरम'	**शुद्ध वर्तनी लिखिए**
20)	''ता" प्रत्यय जोड़कर दो शब्द लिखिए		
21)	रीतिवाचक क्रियाविशेषण शब्दों के दो उदाहरण दीजिए		

खण्ड 'ग'

प्र०6) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (कोई पाँच)

1) १ सृजनहार का क्या अर्थ है ? ईश्वर ने किन बातों के लिए उनका धन्यवाद किया है?
2) २ ' इत्मीनान ' और ' निर्जीव ' से एक वाक्य बनाइए।
3) ३ पियरे अपने घोड़े की तारीफ़ कैसे करता था ? उनके बीच के अनोखे सम्बन्ध का वर्णन कीजिए।
4) 'शेखी बघारना' और 'दिलासा देना' से वाक्य बनाइए।
5) बाजार में हलवाई की बात सुनकर गोवर्धनदास ने क्या उत्तर दिया ?
6) राजा और मंत्री ने कोतवाल को दोषी क्यों समझा ?
7) "स्वर्ग जाने में बूढ़ा जवान क्या ?" यह किसने कहा?
8) 'नाहक'और 'आफत' से वाक्य बनाइए।

9) अंत में बूँद कहाँ पहुंची और क्या बन गई?
10) . प्लास्टिक कार्ड के उदहारण दीजिए। सरकार कैशलेस लें दें पैर जोर क्यों देती है?
11) 'जिज्ञासा ' और ' प्रतीक्षा ' के समानार्थी शब्द लिखिए
12) ध्यानचंद के गुणों का वर्णन कीजिए।
13) नितिन के किन गुणों से आप प्रभावित हुए ? अपने शब्दों में लिखिए।
14) ज़ और फ़ से एक एक शब्द बनाइए।
15) बे उपसर्ग और ईय प्रत्यय से दो दो शब्द बनाइए।
16) कबीर ने किसे समीप रखने को कहा है और क्यों?
17) चोर श्लेष के पापा से क्या विनती करना चाहता था?चोर का हृदय परिवर्तन कैसे हुआ ?
18) अर्थ लिखिए - सामर्थ्य , विस्मय , निश्छल , भुजंग , विश्वासघात , दादुर , विधिवत
19) वर्षाकाल में कोयल मौन क्यों साध लेती है ?
20) वचन बदलिए - आँख , मोहल्ला
21) विलोम लिखिए - तकलीफ , घृणित
22) कबीर या रहीम जी का कोई एक दोहा लिखकर उसका अर्थ लिखिए।

प्र०9) निमालिखित पंक्तिओं का भाव स्पष्ट कीजिए|

1) रहिमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो चटकाय | टूटे से फिर ना जुरै, जुरैगाँठ परि जाय ||
2) एक सुन्दर सीप का मुंह था खुला , वह उसी में जा गिरी मोती बनी |

खण्ड 'घ'

प्र०11) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए |

आपसे विद्यालय का एक फूलों का गमला टूट गया। प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर क्षमा याचना कीजिए।

अथवा

प्रधानाचार्य जी को मासिक शुल्क माफ़ करने के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए |

अथवा

अपने छोटे भाई को मोबाइल प्रयोग के दुष्प्रभाव बताते हुए पत्र लिखिए |

प्र०12) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर 150 से 180 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए |

परिश्रम का महत्त्व (परिश्रम और भाग्य, परिश्रम और सफलता, शारीरिक और मानसिक परिश्रम, परिश्रम से लाभ)

अथवा

गणतंत्र दिवस (राष्ट्रीय पर्व, 26 जनवरी, देश का संविधान, राजपथ पर परेड, सेना शस्त्र प्रदर्शन, राष्ट्रपति को सलामी,राज्यों की झाँकियाँ, अवकाश)

अथवा

सत्संगति का महत्व